दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-10, अंक 309 शुक्रवार 12 नवम्बर, 2021, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

## अग्रवाल कॉलेज में "रंगोली प्रतियोगिता" का आयोजन

**बल्लभगढ़, 11 नवंबर, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान।** वीररवार 11 नवम्बर को कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ में एक



"रंगोली प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया` शीर्ष तीन टीमों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार से सम्मानित किया गया । इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने मुख्य विषय को दर्शाते हुए रंगीन रंगोली प्रदर्शित की और रंगों की अपनी कलात्मक रचना प्रस्तुत की। रंगोली में चित्रित विषयों में डिजिटल इंडिया और टेक्नोगार्ड - तकनीकी आदि शामिल थे। डॉ उषा अग्रवाल (विंग- कक्ककके प्रभारी), रेणु माहेश्वरी, डॉ उषा चौधरी, डॉ परवीन गुप्ता इस कार्यक्रम के निर्णायक थे। भावना, शीतल और भारती की टीम टी-6 ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया, जबकि टीम टी7 ने हिमिका, लक्ष्मी और दीपक की टीम को दूसरा और टीम टी-4 को कृष्णा, मुस्कान और खुशी की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। टीम टी1 को सांत्वना पुरस्कार मिला। प्रतियोगिता का संचालन संयोजक डॉ. सचिन गर्ग (कम्प्यूटर विभागाध्यक्ष), सहायक प्राध्यापक मोहिनी वर्मा, कोमल अग्रवाल, रीना किंगर ने किया।